केंद्रीय विद्यालय संगठन

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मैसूरू

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION AND TRAINING

MYSURU

कक्षा XII – इतिहास

(History)

न्यूनतम अधिगम स्तर

(Minimum Level of Learning)

शिक्षण–अधिगम सामग्री

2025-26

COURSE DIRECTOR

Ms. MENAXI JAIN

DIRECTOR, ZIET MYSURU

ASSOCIATE COURSE DIRECTOR

SH. MAYANK SHARMA

PRINCIPAL, PM SHRI KV NO 1, HBK, DEHRADUN

RESOURCE PERSONS

SH. VATAN SINGH KUNWAR

VICE PRINCIPAL, KV OIL DULIAJAN TINSUKIA

SH. SURESH CHAND

PGT(HISTORY), PM SHRI KV IIP MOHKAMPUR DEHRADUN

COORDINATOR

SH. DINESH KUMAR

TRAINING ASSOCIATE (PHYSICS)

ZIET MYSURU

CONTENT CREATORS

Lesson No.	Name of the Lesson	Content prepared by	KV NAME
1	Writing and City Life	Mr. BRAJESH KUMAR SINGH	PM SHRI KV NO1 KANCHRAPARA
2	An Empire Across Three Continents	Mr. CHANDRA BHUSHAN PRASAD	PM SHRI KV PDDDU NAGAR
3	Nomadic Empires	Mr. PAWAN KUMAR GUPTA	PM SHRI KV DOGRA LINES MEERUT CANTT
4	The Three orders	Dr. MITALI	PM SHRI KV KANPUR CANTT
5	Changing Cultural Traditions	Ms. SHRADDHA CHAUHAN	PM SHRI KV NO. 2 O.F DEHUROAD
6	Displacing Indigenous Peoples	Mr. RAJ BANSH PAUL	PM SHRI KV NO-1, ICHHANATH SURAT
7	Paths to Modernisation	Mr. SARIKA GUPTA	PM SHRI KV BABINA CANTT

अध्याय -1

ईटें,मनके और अस्थियाँ

यह अध्याय सिंधु घाटी सभ्यता पर आधारित है जिसे हड़प्पा सभ्यता भी कहते हैं। यह सभ्यता लगभग 2600 ई.पू. से 1900 ई.पू. तक फैली थी। हड़प्पा, मोहनजोदाड़ो, लोथल, कालीबंगा, राखीगढ़ी जैसे शहर इसके प्रमुख केंद्र थे।इस सभ्यता का नामकरण ,हड़प्पा नामक स्थान जहां ये पहली बार खोजी गई थी,के नाम पर किया गया है।

मुख्य विशेषताएँ:

- **नगर नियोजन:** ग्रिड पैटर्न में बसे शहर, पक्की ईंटों से बने मकान, नालियों की सुव्यवस्था।नगर दो भागों मे बटन था – निचला शहर और दुर्ग। शहर का सारा भवन निर्माण कार्य चबूतरो पर एक निश्चित क्षेत्र तक सीमित था।

- **मोहेनजोदरो के भवनों से जानकारी मिलती है कि भूमि ताल पर बनी दीवारों मे खिडकियां नहीं है। हर घर मे ईटों से बना स्नानागार होता था।**

- **आर्थिक जीवन:** कृषि, पशुपालन, शिल्पकला (मिट्टी, धातु, मनके, मुहरें), व्यापार।मनके निर्माण मे कार्नीलियन ,जैस्पर,स्फटिक ,क्वार्ट्ज था सेलखड़ी का प्रयोग किया जाता था। कार्नीलियन का लाल रंग को पीले रंग के मानकों को पका कर प्राप्त किया जाता था।इनका व्यापारिक संबंध अफगानिस्तान,ओमान,मेसोपोटामिया एवं अन्य एसियाई देशों से था।

- **धार्मिक विश्वास:** पशुपति जैसी मूर्तियाँ, अग्निकुंड, देवी पूजा के प्रमाणमिलते है।

- **लेखन प्रणाली:** चित्रलिपि, जो अब तक पूर्णतः पढ़ी नहीं जा सकी है।375 से 400 टूक चिन्ह पाए गए है जो दाहिने से बाएं लिखी जाती थी। बाट ,माप के साक्ष्य भी पाए गए है

- **सामाजिक जीवन:** समानता के साथ सामाजिक भिन्नताएं भी जैसे शवधानों और घरों से पता चलता है। शवधानों से प्राप्त वस्तुओं से पता चलता है कि उनका मृतोपरांत उपयोग किया जाता था। सामाजिक जीवन मे दो प्रमुख वस्तुएं है-पहली विलासिता कि और दूसरा उपयोगी।

पतन के कारण: सूखा, नदियों का मार्ग परिवर्तन, व्यापार में गिरावट, जल प्रबंधन में कमी।

एक वाक्य मे उत्तर

प्रश्न 1 -हड़प्पा सभ्यता किस युग से संबंधित है?

उत्तर: कांस्य युग

प्रश्न 2 .हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष हुई?

उत्तर: 1921

प्रश्न 3. मोहनजोदाड़ो का अर्थ क्या है?

उत्तर: मृतकों का टीला

प्रश्न 4.हड़प्पा सभ्यता की प्रमुख नदी कौन-सी थी?

उत्तर: सिंधु नदी

प्रश्न 5 हड़प्पा की लिपि को क्या कहते हैं?

उत्तर: चित्रलिपि

प्रश्न 6.लोथल किस राज्य में स्थित है?

उत्तर: गुजरात

प्रश्न 7.हड़प्पा सभ्यता की प्रमुख फसल कौन-सी थी?

उत्तर: गेहूं और जौ

प्रश्न 8 हड़प्पा की प्रमुख ईंट का अनुपात क्या था?

उत्तर: 1:2:4

प्रश्न 9 हड़प्पा की मुहरें किससे बनती थीं?

उत्तर: स्टिअटाइट (soft stone)

प्रश्न 10 हड़प्पा सभ्यता का पतन कब हुआ?

उत्तर: लगभग 1900 ई.पू.

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न11- हड़प्पा सभ्यता में नगर नियोजन की विशेषताएँ बताइए।

उत्तर :

i. ग्रिड प्रणाली में बस्तियाँ।
ii. पक्की ईंटों से निर्मित मकान।
iii. जल निकासी की उत्तम व्यवस्था।

प्रश्न 12-हड़प्पा के प्रमुख शिल्प और व्यवसाय क्या थे?

उत्तर :

i. मिट्टी, तांबे, कांसे के बर्तन।
ii. मनके बनाना, मुहरें बनाना।
iii. व्यापारिक संपर्क मेसोपोटामिया से।

प्रश्न13- हड़प्पा सभ्यता में सामाजिक भिन्नता के प्रमाण दीजिए।

उत्तर :

i. भिन्न-भिन्न आकार के मकान।
ii. समाधि/कब्र में भिन्न वस्तुएँ।
iii. कब्रों के निर्माण में विभिन्नता

प्रश्न14. हड़प्पा के पतन के संभावित कारण लिखिए।

उत्तर :

i. नदियों का मार्ग बदलना।
ii. सूखा और कृषि संकट।
iii. व्यापार में गिरावट।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न15 -हड़प्पा सभ्यता की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर :

i. पक्की ईंटों के मकान।
ii. नगरों की ग्रिड व्यवस्था।
iii. जल निकासी की प्रणाली।
iv. विकसित शिल्पकला।
v. चित्रलिपि का प्रयोग।
vi. कृषि व पशुपालन।
vii. व्यापार (स्थानीय व विदेशी)।
viii. सामाजिक-धार्मिक विश्वास।

प्रश्न 16- हड़प्पा सभ्यता की अर्थव्यवस्था के विषय में बताइए।

उत्तर : मुख्य फसलें: गेहूँ, जौ, तिल, कपास, चना और बाजरा।

- सिंचाई के लिए नहरों और कुओं का प्रयोग होता था।
- उन्नत कृषि प्रणाली और उपजाऊ भूमि के कारण अर्थव्यवस्था मजबूत थी।
- बैल, गाय, भैंस, बकरी, भेड़, कुत्ता और हाथी पाले जाते थे।
- बैल खेती और यातायात के लिए उपयोगी थे।
- पशुपालन कृषि के पूरक के रूप में कार्य करता था।

3. शिल्प और कारीगरी (Craft and Artisanship):

- हड़प्पा के लोग कुशल कारीगर थे।मनके बनाना, धातु कार्य (तांबा, कांसा), मिट्टी के बर्तन, मुहरें।
- हड़प्पा के लोग व्यापार में निपुण थे।
- **आंतरिक व्यापार:** नगरों और गांवों के बीच वस्त्र, अनाज, मिट्टी के बर्तन आदि का लेन-देन।
- **विदेशी व्यापार:** मेसोपोटामिया (सुमेर), अफगानिस्तान, ईरान के साथ व्यापारिक संबंध थे।
- **लोथल** जैसे बंदरगाह व्यापार के लिए प्रसिद्ध थे।

प्रमुख शब्दावली

मोहनजोदाड़ो: योजना अनुसार बना नगर

लोथल: बंदरगाह नगर

चित्रलिपि: अपठनीय लेखन प्रणाली

ग्रेट बाथ: स्नानागार

मुहरें: व्यापार व पहचान के लिए

मानचित्र कार्य

हड़प्पा – पंजाब, पाकिस्तान,मोहनजोदाड़ो – सिंध, पाकिस्तानचन्हूदड़ो – पाकिस्तान,कालीबंगा – राजस्थान,राखीगढ़ी – हरियाणा,लोथल ,धोलावीरा – कच्छ, गुजरात बनवाली – हरियाणा


Jhelum
Manda
Chenab
Ravi
Satluj
Indus
Harappa
Banawali
Rakhigarhi
Ghaggar
Kalibagan
Yamuna
Ganga
Ganweriwala
99NOTES.org
Mohenjodaro
Kot Diji
Sutkagendor
Channu Daro
Amri Balakot
Dholavira
99NOTES.org
Sabarmati
Major sites
of Indus Valley
Nageshwar
Lothal
Rangpur

अध्याय 2

राजा, किसान और नगर

आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएं

(लगभग 600 ई.पू. से 600 ई.)

छठी शताब्दी ईसा पूर्व का महत्व-

1. प्रारंभिक राज्यों और शहरों का विकास
2. लोहे का बढ़ता उपयोग
3. सिक्कों का विकास
4. बौद्ध धर्म और जैन धर्म सहित विभिन्न विचारधाराओं का विकास

मगध का उदय- कई कारकों ने मगध को सबसे शक्तिशाली महाजनपद बनाया जैसे

*उपजाऊ मैदान

* उत्पादक कृषि

* लोहे की उपलब्धता

*हाथियों की उपलब्धता

*गंगा और उसकी सहायक नदियों के माध्यम से सस्ता और सुविधाजनक संचार

* बिम्बिसार, अजातशत्रु और महापद्मनंद जैसे महत्वाकांक्षी राजा

मौर्य साम्राज्य के इतिहास के पुनर्निर्माण के स्रोत-

* पुरातात्विक खोज

*यूनानी राजदूत मैगस्थनीज के विवरण, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, बौद्ध, जैन और पौराणिक साहित्य

*अशोक के शिलालेख

उत्पादन बढ़ाने की रणनीतियाँ-* छठी शताब्दी ईसा पूर्व से गंगा और कावेरी के उपजाऊ मैदानों में **हल से खेती** करने की प्रवृत्ति में बदलाव आया।

***लोहे की नोक** वाले हल का इस्तेमाल किया जाता था जो अधिक कुशल था।

***रोपाई** के कारण **धान** का उत्पादन बढ़ा।

* सिंचाई के लिए **तालाबों और कुओं** का इस्तेमाल किया जाता था।

भूमि दान- *भूमि दान की प्रथा आम युग की शुरुआती शताब्दियों से शुरू हुई।

***ब्राह्मणों** और **धार्मिक संस्थानों** को भूमि अनुदान दिया जाता था और उनमें से कई अभिलेखों में दर्ज हैं।

* ज्यादातर तांबे की प्लेटों पर दर्ज हैं। चंद्रगुप्त द्वितीय की बेटी और वाकाटक परिवार में विवाहित **प्रभावती गुप्त** ने भी भूमि अनुदान दिया।

सिक्कों का विकास- *पहले सिक्के चांदी और तांबे से बने **आहत सिक्के** थे।

* **इंडो-ग्रीक शासकों** ने छवियों और नामों के साथ सिक्के जारी किए।

***कुषाणों** ने पहले सोने के सिक्के जारी किए।

*दक्षिण भारत में कई स्थलों से **रोमन सिक्के** पाए गए।

* पंजाब और हरियाणा के **यौधेय** जैसे कबायली गणराज्यों ने भी सिक्के जारी किए।

***गुप्त शासकों** ने सबसे शानदार सिक्के जारी किए।

एक पंक्ति के उत्तर

1. अशोक के शिलालेखों को किसने पढ़ा ?

उत्तर. जेम्स प्रिंसेप

2. जेम्स प्रिंसेप द्वारा पढ़ी गई कौन सी दो लिपियाँ अशोक के शिलालेखों में उपयोग की जाती हैं ?

उत्तर. ब्राह्मी और खरोष्ठी

3. अधिकांश अभिलेखों में अशोक के लिए कौन से शब्द प्रयोग किए गए है?

उत्तर. देवानामपिय और पियदस्सी

4. ईसा पूर्व छठी शताब्दी में कितने राज्यों या महाजनपदों का उदय हुआ ?

उत्तर. 16 महाजनपद

5. मगध की राजधानी का नाम बताइये।

उत्तर. मगध की आरंभिक राजधानी राजगाह थी किन्तु चौथी शताब्दी में पाटलिपुत्र को राजधानी बनाया गया|

6. धम्म का संदेश फैलाने के लिए किन अधिकारियों को नियुक्त किया गया था?

उत्तर. धम्म महामत्ता

7. प्राचीन काल में तमिलकम में उभरे राज्यों के नाम बताइए।

उत्तर. चोल, चेर और पांड्य।

8. कुषाण शासकों ने कौन सी उपाधि धारण की थी ?

उत्तर. "देवपुत्र"

9. अग्रहार क्या था ?

उत्तर. वह भूमि जो ब्राह्मणों को दी गई थी।

10. श्रेणियाँ क्या थीं ?

उत्तर. श्रेणी या गिल्ड शिल्प उत्पादकों और व्यापारियों के संगठन थे।

लघुत्तरिय प्रश्न

1. छठी शताब्दी ईसा पूर्व को अक्सर प्रारंभिक भारतीय इतिहास में एक प्रमुख मोड़ क्यों माना जाता है?

उत्तर. I प्रारंभिक राज्यों और शहरों का विकास

II लोहे का उपयोग और सिक्कों का विकास

III बौद्ध धर्म और जैन धर्म सहित विभिन्न विचारधाराओं का विकास

2. मौर्य साम्राज्य के इतिहास के पुनर्निर्माण के स्रोत क्या हैं?

उत्तर. I मेगस्थनीज का विवरण

II कौटिल्य या चाणक्य द्वारा लिखित अर्थशास्त्र, बौद्ध, जैन और पौराणिक साहित्य

III अशोक के अभिलेख। इन्हें सबसे मूल्यवान स्रोत माना जाता है।

3. प्रयाग प्रशस्ति पर एक संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए|

उत्तर. I प्रशस्ति राजाओं की प्रशंसा में लिखी जाती थी|

II प्रयाग प्रशस्ति हरिषेण द्वारा लिखी गई|

III यह प्रशस्ति गुप्त शासक समुद्रगुप्त की प्रशंसा में लिखी गई|

4. छठी शताब्दी ईसा पूर्व में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अपनाई गई रणनीतियों का उल्लेख करें।

उत्तर. I लोहे की नोक वाले हल का उपयोग

II धान की रोपाई विधि

III सिंचाई के लिए कुओं और तालाबों का उपयोग

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1.मगध सबसे शक्तिशाली महाजनपद क्यों बन गया?

उत्तर. I कृषि अच्छी थी।

II उपजाऊ मैदान

III लोहे की खदानें उपलब्ध थी

IV हाथी जंगलों में उपलब्ध थे

V परिवहन के लिए उपयोग की जाने वाली नदियाँ।

VI बिम्बिसार , अजातसत्तु और महापद्म नंद जैसे महत्वाकांक्षी राजा

VII महत्वपूर्ण रणनीतिक अवस्थिति

VIII शक्तिशाली वंशों का शासन

2. अभिलेखीय साक्ष्य की सीमाएँ क्या हैं?

उत्तर. I अक्षर हल्के ढंग से उकेरे गए हैं

II अभिलेख क्षतिग्रस्त हो सकते हैं

III शब्द गायब हो सकते हैं।

IV शब्दों के अर्थ बदले जा सकते हैं।

V ये केवल उन राजाओं के दृष्टिकोण को दर्शाते है जिन्होंने ने इन्हें बनाया है|

VI ये आम व्यक्तियों के जीवन के बारे में नहीं बताते है|

VII इनमें केवल महत्वपूर्ण घटनाओं को रिकोर्ड किया गया है|

VIII कुछ अभिलेखों को अभि तक नहीं पढ़ा गया है|

महत्वपूर्ण पारिभाषिक शब्द

पारिभाषिक शब्द	अर्थ
अभिलेखशास्त्र	अभिलेखों के अध्ययन को अभिलेखशास्त्र कहते है
दानात्मक अभिलेख	वे अभिलेख जिनमें धार्मिक संस्थाओं को दी गए दान का विवरण होता है|
श्रेणी	उत्पादकों और व्यापारियों के संघ
मुद्राशास्त्र	सिक्कों का अध्ययन
गण या संघ	वे महाजनपद जहाँ कई लोगों का समूह शासन करता था

मानचित्र


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
1
2
मगध
3
4
अवन्ति
5
6
1. मेरठ स्तम्भ अभिलेख
2. टोपरा स्तम्भ अभिलेख
3. कौशाम्बी स्तम्भ अभिलेख
4. राजगिर
5. उज्जैयिनी
6. साँची स्तम्भ अभिलेख

अध्याय -3

बंधुत्व ,जाति एवं वर्ग

महाभारत का आलोचनात्मक संस्करण

यह परियोजना 1919 में वी. एस. सुकथंकर के नेतृत्व में शुरू हुई।महाभारत के विभिन्न संस्करणों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। दो प्रमुख निष्कर्ष सामने आए:

1. कुछ तत्व सभी संस्करणों में समान थे।
2. इसमें क्षेत्रीय विविधताएं भी पाई गईं।

बंधुत्व और विवाह: नियम एवं परंपराएं

- महाभारत की कहानियों से पितृसत्तात्मक व्यवस्था को बल मिला।
- बहिर्गोत्रीय विवाह (Exogamy) प्रचलित था।
- कन्यादान को धीरे-धीरे धार्मिक कर्तव्य माना जाने लगा।

गोत्र व्यवस्था:

- एक ही गोत्र के सदस्य आपस में विवाह नहीं कर सकते थे। विवाह के बाद महिलाओं को अपने पिता का गोत्र छोड़ना पड़ता था।
- सातवाहन वंश ने गोत्र नियमों में अपवाद प्रस्तुत किए।- कुछ शासकों की पहचान माता के नाम से (मातृवंशीय) की जाती थी।

वर्ण और जाति व्यवस्था: नियम एवं परंपराएं

- वर्ण व्यवस्था को दैवी और जन्म पर आधारित बताया गया।
- चार वर्णों के लिए निर्धारित कार्य:
  - ब्राह्मण – पुरोहित
  - क्षत्रिय – योद्धा/राजा
  - वैश्य – व्यापारी
  - शूद्र – सेवक
- सूत्रों में कहा गया कि केवल क्षत्रिय ही राजा बन सकता है।
  - लेकिन इतिहास में गैर-क्षत्रिय राजा भी हुए।
- वर्ण व्यवस्था से बाहर के लोगों को जातियों (जति) में रखा गया।
- एक जैसे कार्य करने वाली जातियाँ श्रेणियों (श्रेणि) में संगठित थीं।
  - कई बार श्रेणियों के सदस्य अन्य कार्य भी करते थे।
- कुछ सामाजिक वर्गों को अस्पृश्य माना गया, जैसे – चांडाल।

संपत्ति अधिकार

- संस्कृत ग्रंथों के अनुसार महिलाओं को संपत्ति का अधिकार नहीं था, केवल स्त्रीधन की अनुमति थी।
- अपवाद: प्रभावतीगुप्ता (चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री) ने एक गांव का दान किया था।
- शूद्रों के लिए केवल सेवा कार्य को ही उचित माना गया। परंतु बौद्ध ग्रंथों में धनवान शूद्रों का भी उल्लेख मिलता है।

सामाजिक भेदभाव की व्याख्या

- बौद्ध दृष्टिकोण में सामाजिक भेदभाव की व्याख्या सामाजिक अनुबंध सिद्धांत पर आधारित थी, न कि दैवी व्यवस्था पर।

महाभारत: एक जटिल और गतिशील ग्रंथ

- यह ग्रंथ कई भाषाओं और लिपियों में लिखा गया था।

- इसमें दो भाग होते हैं:
  - कथात्मक – कहानियाँ
  - नीतिपरक – शिक्षा व उपदेश
- यह ग्रंथ 500 ई.पू. से 500 ई. के बीच रचा गया था। इसके लिए संपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं।

एक पंक्ति के उत्तर

प्रश्न1 . पित्रवंशिता से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर -वह वंश परंपरा जो पिता के पुत्र फिर पौत्र- प्रपौत्र आदि से चलती है

प्रश्न2 . मनुस्मृति द्वारा निर्धारित चांडालो के कर्त्तव्य बताइए|

उत्तर -गाँव के बाहर रहना, फेंके हुए बर्तनों का इस्तेमाल, मरे हुए लोगो के वस्त्र तथा लोहे के आभूषण पहनना

प्रश्न3. स्त्रीधन क्या था ?

उत्तर -विवाह के समय स्त्री को मिले उपहार।

प्रश्न 4 मनुस्मृति क्या है?

उत्तर –संस्कृत मे लिखा हुआ धर्मशास्त्र।

प्रश्न 5 एकलव्य कौन था?

उत्तर –जंगल वासी और धनुर्धर।

प्रश्न6: महाभारत में वर्ण व्यवस्था के कितने मुख्य वर्ग बताए गए हैं?

उत्तर: चार – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

प्रश्न7: वर्ण व्यवस्था किस सिद्धांत पर आधारित थी?

उत्तर: कर्म और जन्म के सिद्धांत पर।

प्रश्न8: जाति और वर्ण में मुख्य अंतर क्या है?

उत्तर: वर्ण वैदिक वर्गीकरण है, जबकि जाति जन्म पर आधारित सामाजिक व्यवस्था है।

प्रश्न9: 'बंधुत्व' का क्या अर्थ है महाभारत के सन्दर्भ में?

उत्तर: समाज में समानता, सहयोग और सामाजिक एकता की भावना।

प्रश्न 10: महाभारत काल में 'अवर्ण' किसे कहा जाता था?

उत्तर: जो चार वर्णों में शामिल नहीं थे, उन्हें अवर्ण कहा जाता था।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न11 . महाभारत एक जीवंत स्त्रोत किस तरह है ?

उत्तर:

1 महाभारत केवल संस्कृत रूपांतरण तक सीमित नहीं है
2 महाभारत के अनेक पाठांतर विभिन्न भाषाओ में लिखे गए है जो लोगो एवं समुदायों के संवाद का परिणाम
3 अनेक कहानिओ का क्षेत्र विशेष में उद्भव हुआ
4 महाभारत के दृश्यों को मूर्तियों एवं चित्रों में दर्शाया गया
5 नृत्य एवं नाटक के माध्यम से दर्शाया गया

.

प्रश्न12 . महाभारत की भाषा एवं विषयवस्तु की व्याख्या कीजिये |

उत्तर

1 महाभारत की भाषा संस्कृत है जो वेदों से कही अधिक सरल है

2 इसके प्राकृत, पालि, तमिल में भी पाठांतर मिलते है

3 विषयवस्तु को दो मुख्य शीर्षकों में बांटा जाता है – आख्यान एवं उपदेशात्मक

4 संभवतः उपदेशात्मक भाग बाद में जोड़ा गया है

5 उपदेशात्मक भाग में सामाजिक आचार-विचार समाहित है, संभवतः इनका उदेश्य समाज को निर्देश देना था

प्रश्न13 . पित्रवंशिता कुलीन परिवारों के लिए क्यों महत्वपूर्ण थी ?

1 पित्रवंशिता का आदर्श महाभारत की कथा से पूर्व भी प्रचलित रहा होगा

2 महाभारत की मुख्य कथा पित्रवंशिता को पुनः स्थापित करती है

3 अधिकतर शासक वंशो ने इस व्यवस्था के पालन का दावा किया है

4 पुत्र न होने की स्थिति में , सगे- सम्बन्धी उत्तराधिकार का दावा करते थे

5 पित्रवंशिता के आदर्श के संकेत ऋग्वेद के मंत्रो में भी मिलते है।

प्रश्न13. महाभारत की भाषा और विषय-वस्तु को संक्षेप में समझाइए।

उत्तर: महाभारत की भाषा और विषय-वस्तु नीचे दी गई है:

i. महाभारत संस्कृत भाषा में लिखी गई है।महाभारत में प्रयुक्त संस्कृत अन्य वेदों की तुलना में बहुत सरल है।

ii. महाभारत की विषय-वस्तु कथात्मक और उपदेशात्मक दो खंडों में विभाजित है।

iii. कथात्मक खंड में कहानियाँ हैं।उपदेशात्मक खंड में सामाजिक मानदंडों के बारे में निर्देश हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1 . महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण को तैयार करने के विभिन्न चरणों का विवरण दीजिये |

उत्तर

1 १९१९ में वी एस. सुक्थंकर के नेतृत्व में विद्वानों ने इस परियोजना की शुरआत की

2 देश के विभिन्न भागो में विभिन्न लिपियों में लिखी गयी महाभारत की संस्कृत पाण्डुलिपिओ को एकत्र किया गया

3 सभी पाण्डुलिपिओ में लगभग समान श्लोको का चयन किया गया

4 क्षेत्रिय विभिन्नताओं को भी इंगित किया गया

5 विद्वानों ने तमिल, प्राकृत, पालि भाषा में संस्करणों का भी अद्धयन किया

प्रश्न 2 . महाभारत प्राचीन समय के सामाजिक मूल्यों को जानने का उत्तम स्त्रोत है , स्पष्ट कीजिये|

उत्तर

1 दो बांधव-जनों के बीच भूमि एवं सत्ता के लिए हुए संघर्ष की कहानी है , इससे भाईचारे के मूल्यों में आये परिवर्तनों का संकेत मिलता है

2 पित्रवंशिता के आदर्शो के पालन का संकेत

3 पुत्रो की महत्ता , पुत्रियों का पारिवारिक संपत्ति पर कोई दावा नहीं

5 पुत्रियों का विवाह परिवार से बाहर, इसे बहिर्विवाह पद्धति कहते थे

6 कन्यादान करना अभिभावको का धार्मिक कर्त्तव्य

7 भीम एवं हिडिम्बा का विवाह गैर- ब्राह्मणीय परंपरा का उदाहरण

8 बहुपत्नी विवाह का उदाहरण मिलता है

9 गोत्र परंपरा का पालन

.

मुख्य बिन्दु

बंधुत्व - पारिवारिक संबंधों की सामाजिक व्यवस्था

वर्ण व्यवस्था - समाज को चार वर्गों में बांटने की प्रणाली

जाति - जन्म पर आधारित सामाजिक श्रेणी

बहिर्गोत्रीय विवाह- अलग गोत्र में विवाह करने की परंपरा

पितृसत्ता - वह व्यवस्था जिसमें पिता को परिवार में सर्वोच्च अधिकार होता है

शूद्र - वर्ण व्यवस्था का चौथा और निम्न वर्ग, सेवा कार्यों से जुड़ा

धर्म - नैतिक कर्तव्यों और धार्मिक आचरण का मार्ग

अध्याय- 4

विचारक, विश्वास और इमरातें

अध्याय का सार

परिचय: यह अध्याय बौद्धों, जैनों, ब्राह्मणवादी ग्रंथों, स्मारकों और शिलालेखों के आधार पर 600 ईसा पूर्व से 600 ईस्वी की अवधि के दौरान उभरने वाले विचारों और विश्वासों को समझने की कोशिश करता है।

भोपाल के शासकों की भूमिका:

- सांची स्तूप (बौद्ध स्मारक) 1818 में खोजा गया और भोपाल की शासक शाहजहां बेगम ने एवं सुल्तान जहां बेगम द्वारा संरक्षित किया गया |
- शासकों ने संरक्षण के लिए धन प्रदान किया और स्तूप के अवशेषों को यूरोपियन के हाथों मे जाने से बचाया |
- जॉन मार्शल ने सांची पर किए गए अपने काम को सुल्तान जहां बेगम को समर्पित किया।

महावीर- 24 वें तीर्थंकर: जो संसार की नदी को पार लगाने मे पुरुषों और महिलाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

महावीर का संदेश : पत्थरों, चट्टानों में जीवन; जीवित प्राणियों को चोट न पहुंचाना, अहिंसा का सिद्धांत, जन्म और पुनर्जन्म के चक्र का कारण कर्म हैं , मुक्ति के लिए मठवासी जीवन आवश्यक|

बुद्ध की शिक्षाएं:

- **दुख** सार्वभौमिक है, यहां तक कि खुशी भी अस्थायी है। **दुःख का कारण**: इच्छा और अज्ञानता। **संसार** : लगातार बदलता हुआ और आत्माहीन।
- **लक्ष्य**: *निर्वाण* – अहंकार और इच्छा का अंत, **मार्ग**: आत्म-प्रयास, नैतिक जीवन, संयम का मार्ग।
- संघ :बुद्ध द्वारा स्थापित भिक्षुओं का संगठन। सभी सामाजिक समूहों के अनुयायी।
- बौद्ध ग्रंथ- त्रिपिटक- **विनय पिटक (**संघ के लिए नियम), **सुत्त पिटक (**बुद्ध की शिक्षाएं) **अभिधम्म पिटक (**दार्शनिक विषय)

स्तूप: पहले चैत्य बाद में स्तूप के रूप मे विकसित ।

- स्तूप, बुद्ध के शारीरिक अवशेषों अथवा बुद्ध के द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओ का संग्रह |
- स्तूप कैसे बनाए गए थे? राजाओं, संघों, महिलाओं और पुरुषों द्वारा दान |
- स्तूप की संरचना- अंड (एक अर्ध-गोलाकार टीला), हरमिका (एक बालकनी जैसी संरचना: देवताओं का निवास), यष्टि (एक दंड - हरमिका से उत्पन्न)।

अमरावती और सांची का भाग्य:

- सांची बच गया लेकिन अमरावती नहीं बचा । अमरावती स्तूप इन-सीटू संरक्षण के मूल्य से पहले पाया गया था।
- 1850 के दशक तक, अमरावती स्तूप के स्लैब कलकत्ता, मद्रास और लंदन भेजे गए।

सांची स्तूप में इन-सीटू संरक्षण के लिए एचएच कोल का समर्थन हुआ।

मूर्तियां- पत्थरों में कहानी: 1. वेसन्तर जातक कथा 2. प्रतीकों की पूजा (**खाली आसन**- बुद्ध का ध्यान, **स्तूप**- महापरिनिर्वाण, **चक्र** - बुद्ध का पहला उपदेश 3.लोकप्रिय परंपराएं (**शालभंजिका**- शुभ प्रतीक, गजलक्ष्मी- सौभाग्य का प्रतीक)

नई धार्मिक परंपराए – महायान बौद्ध धर्म, पहली शताब्दी ईस्वी , (सभी की मुक्ति, मुक्तिदाता -बोधिसत्व की अवधारणा, बुद्ध की मूर्ति पूजा शुरू)

पौराणिक हिंदू धर्म का विकास- **वैष्णव और शैववाद**, मंदिरों का निर्माण

बराबर गुफाएं (बिहार), देवगढ़ मंदिर (यूपी), कैलाशनाथ मंदिर, एलोरा, महाराष्ट्र

एक शब्द/पंक्ति प्रश्न

Q.1 स्तूप में बालकनी जैसी संरचना को क्या कहा जाता है ?

उत्तर : हरमिका

Q.2 बौद्ध ग्रंथ में दार्शनिक विषयों से संबंधित कौन सा ग्रन्थ है?

उत्तर : अभिधम्म पिटक

Q.3 ..... सांची स्तूप के संरक्षण के लिए धन प्रदान किया।

उत्तर: भोपाल की बेगम

Q.4 सांची स्तूप (बौद्ध स्मारक) ..... में खोजा गया|

उत्तर: 1818

Q.5 जैन धर्म में 'तीर्थंकर' से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर: जो संसार की नदी को पार लगाने मे पुरुषों और महिलाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

Q.6 'बोधिसत्व की अवधारणा बौद्ध धर्म के किस सम्प्रदाय से सम्बंधित है?

उत्तर: महायान संप्रदाय ।

Q. 7 'संसार आत्माहीन है।' कौन सा दर्शन संसार के बारे में इस विचार में विश्वास करता है?

उत्तर: बौद्ध धर्म

Q.8 भारत के किस राज्य में आठवीं शताब्दी का मंदिर, कैलाशनाथ मंदिर स्थित है?

उत्तर: महाराष्ट्र

Q.9 'चक्र ' का प्रतीक बुद्ध के जीवन की किस घटना का प्रतिनिधित्व करता है?

उत्तर: बुद्ध का पहला उपदेश

Q.10 बुद्ध द्वारा स्थापित भिक्षुओं के संगठन को ..... कहा जाता था

उत्तर: संघ

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q. 11. सांची स्तूप के संरक्षण में भोपाल के शासकों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

उत्तर :

i. शाहजहाँ बेगम यूरोपीय लोगों को प्लास्टर कास्ट प्रतियां प्रदान करके स्तूप को अपने मूल स्थान पर बनाए रखने में कामयाब रही।
ii. उन्होंने संरक्षण के लिए अनुदान भी प्रदान किया।
iii. सुल्तान जहां ने जॉन मार्शल के निष्कर्षों के प्रकाशन और संग्राहलय के निर्माण के लिए अनुदान दिए|

Q.12 महायान बौद्ध धर्म की विशेषताएं क्या थीं?

उत्तर :

i. महायान का अर्थ है - महान वाहन- **सभी के लिए मोक्ष। मुक्तिदाता की अवधारणा** का उदय हुआ।
ii. **बोधिसत्व** दयालु प्राणी थे जो पुण्य प्राप्त करते हैं एवं उनका उपयोग दूसरों की मदद करने के लिए उपयोग करते हैं।
iii. बुद्ध और बोधिसत्वों की मूर्ति पूजा शुरू हुई।

Q.13. जैन धर्म की शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर :

i. अहिंसा: सभी चीजों में जीवन है; किसी को नुकसान न पहुंचाएं।
ii. कर्म, जन्म और पुनर्जन्म के चक्र का कारण हैं |
iii. पांच प्रतिज्ञाएं: कोई हत्या, चोरी, झूठ नहीं; ब्रह्मचर्य का पालन करें; कोई संपत्ति का संग्रह नहीं।

Q. 14 शैव और वैष्णव परंपराएँ पुराणिक हिंदू धर्म की विविधता को किस प्रकार दर्शाती हैं?

उत्तर :

i. शैव परंपरा में शिव को परम देवता के रूप में पूजा जाता है। उन्हें संहारक, तपस्वी और योगी के रूप में चित्रित किया गया है।
ii. शैव धर्म में लिंग पूजा का विशेष महत्व है और अनेक पुराण जैसे *शिव पुराण* इस परंपरा को आधार प्रदान करते हैं।
iii. वैष्णव परंपरा में विष्णु को संसार के पालक के रूप में पूजा जाता है और उनके विभिन्न अवतारों जैसे राम और कृष्ण की व्यापक रूप से भक्ति की जाती है। इन दोनों परंपराओं में पूजा की विधियाँ, मंदिर स्थापत्य में भिन्नताएँ हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q.15 बुद्ध की प्रमुख शिक्षाओं का परीक्षण कीजिए ?

उत्तर :

i. **दुख** सार्वभौमिक है, यहां तक कि खुशी भी अस्थायी है।
ii. **दुःख का कारण**: इच्छा और अज्ञानता।
iii. **संसार** : लगातार बदल रहा है और आत्माहीन है |
iv. **लक्ष्य**: *निर्वाण* – अहंकार और इच्छा का अंत।
v. **बौद्ध धर्म आत्मा की सत्ता को अस्वीकार करताहै**
vi. बुद्ध ने **व्यक्तिगत प्रयास** और **सद्कार्यों पर जोर दिया**।
vii. उन्होंने राजाओं और गहपतियों को मानवीय और नैतिक होने की सलाह दी।
viii. बुद्ध जगत को ईश्वर की रचना नहीं मानते थे।

Q.16 स्तूपों का निर्माण कैसे तथा क्यों किया गया? स्पष्ट कीजिए। |

उत्तर : स्तूपों का निर्माण बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा बुद्ध की स्मृति में किया गया था। ये मूलतः समाधि स्मारक होते थे, जिनमें बुद्ध के अवशेष, जैसे अस्थियाँ या धातु से बनी वस्तुएँ, स्थापित की जाती थीं।

i. प्रारंभ में मिट्टी के ढेर के रूप में बनाए गए स्तूपों को बाद में ईंट व पत्थरों से स्थायी रूप दिया गया।

ii. एक मुख्य अंड (गोलाकार गुंबद), हरमिका (छत्र के नीचे वर्गाकार क्षेत्र), और चैत्य वृत्त (प्रदक्षिणा पथ) जैसे भाग इसमें होते थे।

iii. राजा अशोक ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में अनेक स्तूपों का निर्माण करवाया, विशेषकर सांची स्तूप प्रमुख उदाहरण है।

निर्माण का उद्देश्य:

i. बुद्ध की स्मृति को संरक्षित करना
ii. धार्मिक भक्ति का केंद्र बनाना
iii. बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार
iv. तीर्थ यात्रा एवं ध्यान साधना के स्थल
v. स्तूप केवल धार्मिक महत्व नहीं रखते थे, बल्कि कला, संस्कृति और स्थापत्य के अद्भुत उदाहरण भी थे।

महत्वपूर्ण शब्दावली

1.	उपनिषद्	ग्रंथों का एक समूह जो वैदिक अवधारणाओं और ब्रह्म, कर्म और मोक्ष के नए विचार पर आधारित है।
2.	कुटाग्रशाला	शाब्दिक अर्थ , एक नुकीली छत वाली झोपड़ी, जहां वाद विवाद होते थे |
3.	संत चरित्र	किसी संत या धार्मिक नेता की जीवनी।
4.	बुद्ध	जिसे ज्ञान प्राप्त हो
5.	निबबान	अहंकार और इच्छा का बुझना(अंत)|
6.	थेरी	सम्मानित महिला जिन्होंने मुक्ति प्राप्त की थी.
7.	चैत्य	एक अंतिम संस्कार टीला या छोटे पूजा स्थल के साथ पवित्र स्थान.
8.	जातक	बौद्ध ग्रंथ (बुद्ध के पिछले जन्म की कहानियाँ)
9.	बोधिसत्व	दयालु प्राणी जो दूसरों को निर्वाण प्राप्त करने में मदद करते हैं.
10.	हीनयान या थेरवाद	पुरानी बौद्ध परंपरा के अनुयायी
11.	पुराण	ब्राह्मणों द्वारा संकलित पाठ (पहली सहस्राब्दी ईस्वी के मध्य तक) में हिंदू देवी-देवताओ की कहानियां शामिल हैं।
12.	गर्भगृह	एक कमरा जहां मंदिर में देवता की मूर्ति रखी जाती है.

मानचित्र कार्य


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
लुम्बिनी
बोधगया
भरहुत
सांची
अजंता
नागार्जुनकोंडा
अमरावती
BAY
OF
BENGAL
ARABIAN
SEA
International Boundary
State/UT Boundary

अध्याय -5

यात्रियों की नज़रिये

समाज की धारणाएँ (लगभग दसवीं से सत्रहवीं शताब्दी)

अध्याय का सार

अल-बिरूनी

- मध्य एशिया के महान विद्वान अल-बिरूनी 11वीं शताब्दी में भारत आए थे। वे महमूद गजनवी के आक्रमण के दौरान भारत आए थे।
- अल-बिरूनी का जन्म 4 सितंबर 973 को उज्बेकिस्तान के ख्वारिज्म में हुआ था।
- अल-बिरूनी कई भाषाओं में पारंगत थे। अल-बिरूनी की सबसे बेहतरीन रचना 'किताब-उल-हिंद' गजनी में लिखी गई थी और यह भारत से संबंधित थी।

इब्न बतूता –

- वह 14वीं शताब्दी में मोरक्को से भारत आए थे। उन्होंने मक्का की तीर्थ यात्राएं की थीं और पहले ही सीरिया, इराक, फारस, यमन, ओमान और पूर्वी अफ्रीका के तट पर कुछ व्यापारिक बंदरगाहों में बड़े पैमाने पर यात्रा कर चुके थे।
- मुहम्मद बिन तुगलक, सुल्तान उनकी विद्वता से प्रभावित हुए और उन्हें दिल्ली का काजी या न्यायाधीश नियुक्त किया। 1342 में उन्हें मंगोल शासक के लिए सुल्तान के दूत के रूप में चीन जाने का आदेश दिया गया।
- मोरक्को के महान यात्री की 1377 में मृत्यु हो गई, लेकिन उनके द्वारा लिखा गया विवरण ' रिहला ' है।
- वह सल्तनत काल के दौरान भारत की संचार प्रणाली के बारे में विवरण देता है। भारत में दो प्रकार की डाक प्रणाली थी। ये उलूक (घोड़ा डाक) और दावा (पैदल डाक)। दावा, उलूक से अधिक तेज थी और अक्सर इसका उपयोग खुरासान के फलों के परिवहन के लिए किया जाता था।

फ्रांसिस बर्नियर –

- वह एक फ्रांसीसी यात्री था जो 17वीं शताब्दी में भारत आया था। **फ्रांसिस** बर्नियर एक महान फ्रांसीसी चिकित्सक, दार्शनिक और इतिहासकार थे
- उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक था " **मुगल दरबार में यात्राएँ"। फ्रेंकोइस ने** भारतीय शहर, भूमि स्वामित्व प्रणाली और सामाजिक बुराई, यानी सती प्रथा के बारे में विस्तार से बताया है।
- **सती प्रथा -** बर्नियर ने अपने लेख में सती प्रथा का विस्तृत विवरण दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ महिलाएं खुशी-खुशी मौत को गले लगा लेती थीं, जबकि कुछ को जबरन मौत के घाट उतार दिया जाता था। उन्होंने लाहौर में बाल सती प्रथा पर भी गौर किया, जहां एक बारह वर्षीय युवा विधवा की बलि दी जाती थी।
- **महिला श्रमिक -** कृषि और गैर-कृषि उत्पादन दोनों में महिला श्रमिक महत्वपूर्ण थे। व्यापारी परिवारों की महिलाएँ वाणिज्यिक गतिविधियों में भाग लेती थीं। इसलिए, ऐसा लगता नहीं है कि महिलाओं को उनके घरों के निजी स्थानों तक ही सीमित रखा गया हो।

एक सूत्रीय प्रश्न

1. डाक प्रणाली के अस्तित्व का प्रमाण हमें किसके द्वारा मिलता है ?

उत्तर: इब्न-बतूता

2. किसने कहा था, 'उपमहाद्वीप रोमांचक अवसरों से भरा है?'

उत्तर: इब्न बतूता

3. निम्नलिखित में से किस यात्री को मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली का काजी या न्यायाधीश नियुक्त किया था?

उत्तर: इब्न- बतूता

4. निम्नलिखित में से कौन सी भारत में अल-बिरूनी के सामने मुख्य बाधा थी?

उत्तर: भाषा , धार्मिक प्रथा

5. किताब-उल- हिंद किसने लिखी?

उत्तर: अल-बिरूनी

6. ट्रैवल इन मुगल एम्पायर किसने लिखी?

उत्तर- फ्रेंकोइस बर्नियर

7- नगर सेठ कौन थे?

उत्तर- व्यापारी समुदाय का मुखिया

8. फ्रेंकोइस बर्नियर ने अपनी प्रमुख रचनाएँ किस राजा को समर्पित कीं?

उत्तर- लुई XIV

9. इब्न बटू भारत की दो अद्भुत चीजें देखकर मंत्रमुग्ध हो गया -

उत्तर- नारियल और पान का पत्ता

10-मुगल शहरों को कैंप शहर किसने कहा था?

उत्तर- बर्नियर

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. किताब-उल-हिंद पर एक टिप्पणी लिखें।

उत्तर:

i. किताब-उल-हिंद अल-बिरूनी द्वारा लिखी गई थी। यह अरबी भाषा में लिखा गया था। इसे 80 अध्यायों में विभाजित किया गया है।
ii. उन्होंने हिंदू धर्म और दर्शन, त्योहारों, रीति-रिवाजों और परंपराओं, लोगों के सामाजिक और आर्थिक और राजनीतिक जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला है।
iii. प्रत्येक अध्याय में उन्होंने एक विशिष्ट शैली अपनाई और शुरुआत में एक प्रश्न रखा। इसके बाद संस्कृत परंपरा पर आधारित विवरण दिया गया।

प्रश्न 2. इब्न बतूता द्वारा दिए गए दास प्रथा के साक्ष्य का विश्लेषण करें।

i. उत्तर: दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक के पास बड़ी संख्या में दास थे।
ii. इस समय दासों को उपहार के रूप में भी दिया जाता था। इब्न बतूता जब उनसे मिलने गया, तो उसने सुल्तान को भेंट करने के लिए बहुत से घोड़े, ऊँट और दास भी लाए।
iii. महिला दास अमीरों (कुलीनों) के घर में नौकर के रूप में काम करती थीं। ये महिलाएँ सुल्तान को अपने स्वामियों (यानी कुलीनों) की गतिविधियों के बारे में जानकारी देती थीं। अधिकांश दास घरेलू काम करती थीं

प्रश्न 3. सती प्रथा के वे कौन से तत्व थे जिन्होंने बर्नियर का ध्यान आकर्षित किया?

उत्तर:

i. बर्नियर के अनुसार सती प्रथा पश्चिमी और पूर्वी समाज में महिलाओं के साथ व्यवहार में अंतर को दर्शाती है।
ii. उन्होंने देखा कि कैसे बाल विधवाओं को जबरन अंतिम संस्कार की चिता पर जला दिया जाता था
iii. विधवा सती प्रथा की अनिच्छुक शिकार थी। उसे सती होने के लिए मजबूर किया गया था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. "इब्न बतूता ने उपमहाद्वीप में रोमांचक अवसरों से भरे शहर पाए" अपने उत्तर को उसके द्वारा दिए गए साक्ष्यों से पुष्ट कीजिए

उत्तर: इब्न बतूता ने उपमहाद्वीप के शहरों को उन लोगों के लिए रोमांचक अवसरों से भरा पाया जिनके पास आवश्यक प्रेरणा, संसाधन और कौशल थे।

i. वे घनी आबादी वाले और समृद्ध थे,
ii. इन शहरों में सड़कें और बाजार हैं जहाँ विभिन्न प्रकार के सामान मिलते हैं।
iii. दिल्ली एक विशाल शहर है, जिसकी जनसंख्या बहुत अधिक है, यह भारत का सबसे बड़ा शहर है।
iv. दौलताबाद (महाराष्ट्र में) भी कम नहीं था, और आकार में आसानी से दिल्ली से प्रतिस्पर्धा करता था।
v. बाज़ार न केवल आर्थिक लेन-देन के स्थान थे, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी थे।
vi. ज़्यादातर बाज़ारों में एक मस्जिद और एक मंदिर होता था और उनमें से कुछ में नर्तकियों, संगीतकारों और गायकों द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए जगह बनाई जाती थी।
vii. उपमहाद्वीप भारतीय विनिर्माण के साथ व्यापार और वाणिज्य के अंतर-एशियाई नेटवर्क के साथ अच्छी तरह से एकीकृत था।
viii. भारतीय वस्त्र, सूती कपड़ा, बढ़िया मलमल, रेशम, ब्रोकेड और साटन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में काफी मांग थी।

प्रश्न 2. भारत में भू-संपत्ति के स्वामित्व के बारे में बर्नियर की धारणा को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

i. बर्नियर के अनुसार, मुगल भारत और यूरोप के बीच एक बुनियादी अंतर भारत में भूमि पर निजी संपत्ति का अभाव था।
ii. सभी भूमि पर ताज का स्वामित्व उनका मानना था कि मुगल सम्राट के पास सारी भूमि थी और उन्होंने इसे अपने रईसों में वितरित किया, इससे अर्थव्यवस्था और समाज के लिए विनाशकारी परिणाम हुए।
iii. भूमि में कोई सुधार नहीं भूमि पर निजी संपत्ति की अनुपस्थिति ने "सुधारक" जमींदारों के वर्ग के उभरने को रोक दिया था
iv. जीवन स्तर में गिरावट इसके कारण कृषि की एक समान बर्बादी हुई, किसानों पर अत्यधिक अत्याचार हुआ और समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर में निरंतर गिरावट आई।
v. बर्नियर ने भारतीय समाज को दरिद्र लोगों से मिलकर बना बताया, जो एक अमीर और शक्तिशाली शासक वर्ग के अल्पसंख्यक द्वारा वशीभूत थे।
vi. बर्नियर ने विश्वास के साथ कहा कि, "भारत में कोई मध्यम राज्य नहीं था।" और राजा "भिखारियों और बर्बर लोगों" का राजा था;
vii. इसके शहर और कस्बे बर्बाद हो गए थे और "बीमार हवा" से दूषित थे; और इसके खेत, "झाड़ियों से भरे हुए" और महामारी वाले दलदल से भरे हुए थे"।
viii. सोलहवीं शताब्दी में अकबर के शासनकाल के आधिकारिक इतिहासकार अबुल फ़ज़ल ने भूमि राजस्व को "संप्रभुता के पारिश्रमिक" के रूप में वर्णित किया है। यूरोपीय यात्री ऐसे दावों को लगान के रूप में मानते थे ।

अध्याय 6

भक्ति -सूफी परंपराएं

धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रन्थ

(लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)

अध्याय का सार

1. धार्मिक विश्वासों और आचरणों की गंगा-जमुनी बनावट

- साहित्य व मूर्तिकला में अनेक देवी-देवताओं का उल्लेख।
- उड़ीसा में जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की आदिवासी लकड़ी से बनी मूर्तियाँ।
- देवी की तांत्रिक आराधना वैदिक परंपरा से भिन्न थी।

2. उपासना की कविताएँ और प्रारंभिक भक्ति परंपरा

- भक्ति के दो प्रकार: सगुण (मूर्त रूप) व निर्गुण (निराकार)।
- निर्गुण भक्ति के प्रमुख संत: कबीर, नानक, दादू दयाल।
- प्रारंभिक भक्ति आंदोलन 6वीं सदी में तमिलनाडु से शुरू; अलवार (विष्णु भक्त) व नयनार (शिव भक्त)।
- अलवारों की रचना *नलायिर दिव्य प्रबंधम्* को वेद तुल्य माना गया।

3. कर्नाटक की वीरशैव / लिंगायत परंपरा

- 12वीं सदी में बसवन्ना के नेतृत्व में लिंगायत आंदोलन।
- लिंग धारण की परंपरा; मृत्यु के बाद पुनर्जन्म नहीं, श्राद्ध वर्जित।
- विधवा पुनर्विवाह, वयस्क विवाह को मान्यता।

4. उत्तरी भारत में धार्मिक उफान

- शिव व विष्णु की मंदिरों में उपासना, शासकीय समर्थन से निर्माण।
- नाथ, जोगी, सिद्ध जैसे संतों का उदय; वेदों को चुनौती दी।

5. इस्लामी परंपराएँ

- इस्लाम के पाँच स्तंभ: एकेश्वरवाद, पैगंबर में आस्था, नमाज़, जकात, रोज़ा और हज।
- मस्जिदों में विशेष स्थापत्य: मक्का की दिशा, मेहराब व मिम्बर।
- मुस्लिम समुदायों को क्षेत्रानुसार भिन्न नाम जैसे तुरष्क, ताजिक, परसीक आदि।

6. सूफी परंपरा का विकास

- रहस्यवाद और भक्ति की ओर झुकाव, ईश्वर के आदेशों का पालन।
- सूफी केंद्र: *खानकाह*, नेतृत्व शेख या पीर करते थे।

- *सिलसिला* से पीर-मुरीद का संबंध; कुछ फकीर खानकाह से अलग जीवन जीते – बे-शरिया।

7. चिश्ती सिलसिला (भारत में)

- चिश्ती सूफियों ने स्थानीय परंपराएँ अपनाई।
- उपासना के माध्यम: *जिक्र* (स्मरण) और *समा* (संगीत)।

8. नवीन भक्ति पंथ

- **कबीर**: एकेश्वरवाद, मूर्तिपूजा का विरोध, बीजक, ग्रंथावली आदि रचनाएँ।
- **गुरु नानक**: निर्गुण भक्ति, कर्मकांडों का विरोध, नाम-स्मरण पर बल।
- **मीराबाई**: कृष्ण भक्ति की कवयित्री, सगुण परंपरा की अनुयायी।

9. धार्मिक परंपराओं के इतिहास का पुनर्निर्माण

- इतिहासकार मूर्तिकला, स्थापत्य, संत कथाएँ, स्त्री-पुरुषों की रचनाओं से धार्मिक परंपरा का अध्ययन करते हैं।

एक पंक्ति/शब्द प्रकार के प्रश्न

1. मध्यकालीन भारत के नाथ सम्प्रदाय कौन थे?

उत्तर :- नाथ सम्प्रदाय

2 भक्ति संत कराइक्कल अम्मइयार कौन थी ?

उत्तर :- वह तमिलनाडु की एक नयनार महिला शिव भक्त थी।

3. गुरु तेग बहादुर जी की रचना को गुरु ग्रंथ साहिब में किसने शामिल किया

उत्तर :-गुरु गोबिंद सिंह जी ने

4. वीरशैव या लिंगायत कौन थे?

उत्तर ::-वे शिव को सर्वोच्च मानते हैं,

5. कौन अमीर खुसरो (महान कवि और संगीतकार , कव्वाली ,कॉल की शुरुआत के मार्गदर्शक थे ?

उत्तर :- शेख निज़ामुद्दीन औलिया

6. सिक्खों के किस गुरु ने 'आदि ग्रंथ साहिब' का संकलन किया ?

उत्तर :-गुरु अर्जुन देव जी

7.भगवान जगन्नाथ का सम्बन्ध निम्नलिखित से है

उत्तर ::-विष्णु

8. शेख मुईनुद्दीन चिश्ती कहाँ के सूफी संत थे?

उत्तर ::- - अजमेर

9. बसवन्ना का सम्बन्ध किस प्रदेश से है?

उत्तर - कर्नाटक

10. काल अनुसार क्रमबद्ध करे : गुरु नानक देव, गुरु अर्जन देव, गुरु गोबिन्द सिंह , गुरु तेगबहादुर

उत्तर - गुरु नानक देव, गुरु अर्जन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिन्द सिंह

लघु -उत्तरीय प्रकार के प्रश्न

11. मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन के संदर्भ में मीराबाई के जीवन और योगदान का वर्णन कीजिए।

उत्तर:-मीराबाई

(i) मीराबाई (लगभग 15वीं-16वीं शताब्दी) सगुण भक्ति परंपरा की सबसे प्रसिद्ध महिला कवयित्री हैं।

(ii) वह मारवाड़ के मेड़ता की एक राजपूत राजकुमारी थीं। शादी उनकी इच्छा के विरुद्ध राजस्थान के मेवाड़ के सिसोदिया वंश के एक राजकुमार से हुई थी।

(iii) वह कृष्ण की प्रेमिका के रूप में भक्ति संत थीं। उन्होंने जातिगत समाज के मानदंडों को नहीं माना।

12. कबीर के दर्शन और शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर:-(i) कबीर निर्गुण विचारधारा के कवि थे |

(ii) अल्लाह, खुदा, हज़रत, अलख, निराकार, ब्रह्म, आत्मन् कहकर परम सत्य को पुकारा है।

(iii) मूर्तिपूजा, बलि, छूआछूत की आलोचना |नाम सिमरन, जप को महत्त्व, समानता और गुरु की भक्ति पर बल दिया है।

13. 'बारहवीं शताब्दी, में कर्नाटक में वीरशैव संतों के द्वारा एक धार्मिक और सामाजिक आंदोलन हुआ' ।उपयुक्त बिंदुओं के साथ कथन को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:-(i)कर्नाटक में 12वीं सदी में बसवन्ना (1106 से 68) के नेतृत्व में वीरशैव या लिंगायत(शिव के वीर / लिंग धारण करने वाले) परंपरा चलाई।

(ii) लिंगायत शिव की लिंग के रूप में पूजा करते हैं। उन्होंने पुनर्जन्म के सिद्धांत पर भी सवाल उठाए।

(iii) लिंगायत जाति की अवधारणा के खिलाफ थे।उन्होंने विधवा पुनर्विवाह और वयस्क विवाह का समर्थन किया।

14. गुरु नानक देव के दर्शन और शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए|

उत्तर:-

(i) गुरु नानक देव जी ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया (उन्होंने परम रब को निराकार बताया)।

(ii) बलिदानों और अनुष्ठानों को अस्वीकार कर दिया (यज्ञ, अनुष्ठानिक स्नान, मूर्ति पूजा व कठोर तप आदि का विरोध किया)।

(iii) सामाजिक समानता के लिए लंगर (सामूहिक भोज)। सामूहिक उपासना के लिए नियम निर्धारित। (संगत)

दीर्घ -उत्तरीय प्रकार के प्रश्न

15. अलवारों और नयनारों के विचारों की व्याख्या कीजिए | राज्यों के साथ इन्होनें अपने संबंध किस प्रकार स्थापित किए? स्पष्ट कीजिए|

उत्तर:-(i) अलवार भगवान विष्णु के भक्त थे और नयनार भगवान शिव के भक्त थे। भक्ति संतों ने जातिगत समानता का प्रचार किया

(ii) उनकी रचनाएँ वेदों जितनी ही महत्वपूर्ण थी, उदाहरण के लिए नलयिरादिव्यप्रबंधम

(iii) अंडाल (अलवार संत) और कराइक्काल अम्मईयार (नयनार संत) जैसी महिलाएं भक्ति संत थी।

राज्य के साथ संबंध :

(i) चोल शासकों ने विष्णु और शिव के मंदिरों के निर्माण के लिए अनुदान दिया।

(ii) उन्होंने तमिल भाषा के शैव भजनों का एक संकलन एक ग्रंथ (तवरम) में किया।

(iii) चोल शासक परांतक प्रथम ने एक शिव मंदिर में संत कवि अप्पार, संबंदर और सुंदरार की धातु की मूर्तियों की प्रतिष्ठा की।

16. सूफीयों के आचार -विचार क्या थे? सूफियों के राज्य के साथ संबंधों को भी स्पष्ट कीजिए|

उत्तर:-(i) सूफियों ने वैराग्य और रहस्यवाद की ओर रुख किया।

(ii) उन्होंने ईश्वर के प्रति गहन भक्ति और प्रेम के माध्यम से मुक्ति की तलाश पर जोर दिया।

(iv) उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर कुरान की व्याख्या की।

(vi) दान पर चलने वाली सामुदायिक रसोई (लंगर) बिन मांगी खैरात (फुतूह) पर चलती थी।

(vii) संगीत और नृत्य के माध्यम से ईश्वर से जुड़ना।

राज्य के साथ सूफियों के संबंध:

(i) सूफियों ने राजनीतिक अभिजात वर्ग से अनचाहे अनुदान और दान स्वीकार किया।

(ii) शासक न केवल सूफी संतों से संबंध रखना चाहते थे अपितु उनके समर्थन के भी कायल थे।

शब्दावली

- **शरिया** मुसलमान समुदाय को निर्देशित करने वाला कानून है।
- **हदीस** का अर्थ है पैगंबर साहब से जुड़ी परंपराएं जिसके अंतर्गत उनके इस स्मृत शब्द और क्रियाकलाप भी आते हैं।
- **कियास** (सदृशता के आधार पर तर्क) और **इजमा** (समुदाय की सहमति) को भी कानून का स्रोत माना जाता है।
- जिम्मी वे लोग थे जो उद्धटित धर्म ग्रंथ को मानने वाले थे जैसे इस्लामी शासको के क्षेत्र में रहने वाले यहूदी और ईसाई
- यह लोग **जजिया** नामक कर चुका कर मुसलमान शासको द्वारा संरक्षण दिए जाने के अधिकारी हो जाते थे। भारत में इसके अंतर्गत हिंदुओं को भी शामिल कर लिया गया।
- **वली (बहुवचन- ओलिया)** अर्थात ईश्वर का मित्र वह सूफी जो अल्लाह के नजदीक होने का दावा करता था और उनसे मिली बरकत से करामात करने की शक्ति रखता था |
- पीर की दरगाह पर **जियारत** के लिए जाने की खास तौर से उसकी बरसी के अवसर पर परिपाटी चल निकली|
- **मात्रगृहता** -वह परिपाटी जहां स्त्रियां विवाह के पश्चात मायके में ही संतान के साथ रहती हैं।

अध्याय -7

एक साम्राज्य की राजधानी: विजयनगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)

अध्याय का सारांश

- विजयनगर, दक्षिण भारत का एक शक्तिशाली साम्राज्य और राजधानी थी जिसकी स्थापना 1336 ई. में हरिहर और बुक्का ने की थी।
- यह साम्राज्य 1565 ई. में तालीकोटा के युद्ध के बाद लूटे जाने तक समृद्ध रहा, जिसके बाद इसे त्याग दिया गया।
- इसकी पुनः खोज 1800 ई. में कर्नल कॉलिन मैकेंज़ी द्वारा की गई, जिन्होंने प्रारंभिक सर्वेक्षण, अभिलेखों और विदेशी यात्रियों के वृत्तांतों पर भरोसा किया।
- कृष्णा-तुंगभद्रा दोआब क्षेत्र के लोग इसे "हम्पी" नाम से जानते थे, जो स्थानीय मातृ देवी "पम्पादेवी" से जुड़ा हुआ है।

राजवंश और शासक:

- पहला राजवंश **संगम वंश** था, जिसने 1485 ई. तक शासन किया। इसके बाद **सालुव वंश** (1503 ई. तक), फिर **तुलुव वंश** आया, जिससे प्रसिद्ध राजा **कृष्णदेव राय** (1509–1529 ई.) संबंधित थे।
- 1542 ई. के बाद शासन **अरविदु वंश** के हाथों में चला गया, जो सत्रहवीं शताब्दी के अंत तक सत्ता में रहा।

प्रशासन और सैन्य व्यवस्था:

- शासकों को **राय** कहा जाता था; जैसे कृष्णदेव राय, जिन्होंने साम्राज्य का विस्तार किया और निर्माण कार्यों को प्रोत्साहन दिया।
- **अमरा-नायक प्रणाली** के अंतर्गत सैन्य प्रमुखों को क्षेत्र सौंपे जाते थे, जिनका दायित्व सेना बनाए रखना और शासन करना होता था।

जल प्रबंधन और किलेबंदी:

- नगर में जल प्रबंधन अत्यंत उन्नत था; इसमें टंकियों और नहरों का व्यापक उपयोग हुआ।
- **कमलापुरम् टैंक**, जो 15वीं सदी की शुरुआत में बनाया गया था, निकटवर्ती खेतों की सिंचाई करता था
- **हिरिया नहर**, तुंगभद्रा नदी पर बने बाँध से जल खींचती थी और "पवित्र केंद्र" व "नगरीय कोर" के बीच की घाटी को सिंचित करती थी; इसे संभवतः संगम वंश ने बनवाया था।
- यहाँ की अद्वितीय दीवारें कृषि भूमि तक को घेरती थीं, ताकि संकट के समय रक्षात्मक रणनीति के रूप में काम आ सकें।

महत्वपूर्ण संरचनाएँ:

- **राजकीय केंद्र** में **महानवमी डिब्बा** जैसी विशाल वेदिका थी जहाँ राज्य समारोह आयोजित होते थे, और सुंदर **लोटस महल** स्थित था।
- **पवित्र केंद्र** में भव्य मंदिर स्थित थे जैसे – **विरुपाक्ष मंदिर** और **विट्ठल मंदिर**, जिनमें ऊँचे **राय गोपुरम्** (प्रवेशद्वार) और सुंदर **मंडप** बने थे।

आर्थिक और सांस्कृतिक विशेषताएँ:

- विजयनगर की अर्थव्यवस्था घोड़ों, मसालों और बहुमूल्य वस्तुओं के व्यापार पर आधारित थी, जिससे राज्य की समृद्धि में योगदान मिला।
- इसकी विशिष्ट वास्तुकला में देशी शैली और **इंडो-इस्लामी प्रभाव** का सुंदर समावेश देखा जाता है, विशेषकर भवनों और प्रवेशद्वारों में।
- आज **हम्पी** के रूप में जानी जाने वाली यह जगह अब एक **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** है।

एक शब्द / एक पंक्ति उत्तर

1. **तुलुव वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक कौन था?**

उत्तर :कृष्णदेव राय

2. **विजयनगर के खंडहर किस आधुनिक नगर में स्थित हैं?**

उत्तर :हम्पी

3. **कौन-सा मंदिर अपने पत्थर के रथ के लिए प्रसिद्ध है?**

उत्तर :विट्ठल मंदिर

4. **कौन-सा विदेशी यात्री पुर्तगाल से विजयनगर आया था?**

उत्तर :पैस

5. **महानवमी डिब्बा में मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार कौन-सा था?**

उत्तर :दशहरा

6. **विजयनगर के शासकों के लिए हम्पी क्षेत्र का क्या महत्व था?**

उत्तर :हम्पी को उसकी सामरिक स्थिति और धार्मिक महत्त्व के कारण चुना गया था।

7. **अमरा-नायक प्रणाली क्या थी?**

उत्तर :यह एक सैन्य और प्रशासनिक प्रणाली थी, जिसमें नायकों को सैन्य सेवा के बदले भूमि दी जाती थी।

8. **महानवमी डिब्बा का क्या कार्य था?**

उत्तर :यह एक शाही मंच था जहाँ दशहरा जैसे समारोह और सार्वजनिक आयोजन होते थे।

9. **हम्पी के खंडहर विजयनगर के बारे में क्या दर्शाते हैं?**

उत्तर :वे इसके उन्नत नगर नियोजन, वास्तुकला और शाही वैभव को दर्शाते हैं।

10. **विजयनगर में जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत क्या था?**

उत्तर :टंकियाँ और नहरें जल आपूर्ति के मुख्य स्रोत थे।

लघु उत्तर प्रश्न

1. विजयनगर साम्राज्य की किलाबंदी की विशेषता का परीक्षण कीजिए।

उत्तर :विजयनगर साम्राज्य की किलाबंदी की विशेषता का वर्णन विदेशी यात्री **अब्दुर रज्जाक** ने किया था।

I. सुरक्षा की बहुस्तरीय व्यवस्था: इस साम्राज्य में सात परतों वाली घेराबंदी की दीवारें थीं, जिनमें प्रवेश द्वार और प्रहरी मीनारें थीं।

II. प्राकृतिक भू-आकृति के साथ समन्वय: पहाड़ियाँ, नदियाँ और बड़े-बड़े पत्थरों को प्राकृतिक रक्षात्मक बाधाओं के रूप में कुशलता से उपयोग किया गया।

III. कृषि क्षेत्रों का घेराव: किलों की परिधि में खेत, अन्न भंडार और जल टंकियाँ शामिल थीं ताकि लंबे समय तक घेराबंदी झेली जा सके।

2. विजयनगर के पवित्र क्षेत्र में विरुपाक्ष मंदिर का महत्व स्पष्ट कीजिए।

उत्तर :I. यह सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है और आज भी पूजा की जाती है।

II. यह भगवान **विरुपाक्ष** (शिव के एक रूप) के संप्रदाय से जुड़ा हुआ है।

III. यह एक प्रमुख तीर्थ स्थल था, जो भक्तों और राजकीय संरक्षण को आकर्षित करता था।

3. क्या महानवमी डिब्बा को शाही केंद्र में एक महत्वपूर्ण संरचना माना गया है? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर :I. महानवमी (नवरात्रि/दशहरा) के पर्व के दौरान भव्य उत्सवों का आयोजन यहीं होता था।

II. यहाँ सैन्य परेड, नृत्य प्रदर्शन और राजकीय शोभायात्राएँ आयोजित होती थीं।

III. ऊँचे मंच से राजा नीचे हो रहे समारोहों का अवलोकन करते थे।

4. विजयनगर के इतिहास के पुनर्निर्माण के लिए किन मुख्य स्रोतों का उपयोग किया गया है?

उत्तर :I. **पुरातात्विक साक्ष्य:** स्मारक, मूर्तियाँ, शिलालेख आदि।

II. **विदेशी यात्रियों के वृत्तांत:** जैसे डोमिंगो पैस और अब्दुर रज्जाक के विवरण।

III. **साहित्यिक स्रोत:** क्षेत्रीय भाषाओं एवं संस्कृत में उपलब्ध ग्रंथ।

दीर्घ उत्तर प्रश्न

1. विजयनगर साम्राज्य के शाही क्षेत्र की विशिष्ट विशेषताओं को समझाइए।

उत्तर :I. **घेरा हुआ क्षेत्र:** शाही क्षेत्र एक अच्छी तरह से परकोटे में बंद क्षेत्र था, जिसमें ऊँची दीवारें और प्रवेश द्वार थे।

II. **राजकीय आवास:** इसमें राजमहल, दरबार हॉल और प्रशासनिक भवन शामिल थे।

III. **महानवमी डिब्बा:** यह एक बड़ा मंच था जिसका उपयोग दशहरा जैसे सार्वजनिक समारोहों के लिए किया जाता था।

IV. **लोटस महल:** एक अनोखा मंडप था जिसमें हिंदू और इस्लामी स्थापत्य शैली का समन्वय दिखाई देता है।

V. **सांस्कृतिक महत्त्व:** यह क्षेत्र साम्राज्य की शक्ति, संपन्नता और वास्तुकला कौशल को दर्शाता था।

VI. **हाथी अस्तबल:** एक लम्बा भवन था जिसमें गुंबदाकार कक्ष बने थे, जहाँ शाही हाथियों को रखा जाता था।

VII. **जल प्रबंधन:** यहाँ योजनाबद्ध टंकियाँ, नहरें और भूमिगत जल निकासी प्रणाली शामिल थी।

VIII. **गारे का प्रयोग नहीं:** भवनों का निर्माण ग्रेनाइट के पत्थरों को बिना गारे के जोड़कर किया गया था।

2. विजयनगर साम्राज्य में राय और नायकों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

उत्तर :**राय (शासकों) की भूमिका:**

I. **सर्वोच्च सत्ता:** राय राजा होते थे और प्रशासन, सेना तथा धर्म में अंतिम अधिकार रखते थे।

II. **केन्द्रीयकृत शासन:** वे प्रमुख राजस्व क्षेत्रों पर नियंत्रण रखते थे और शीर्ष अधिकारियों की सीधी नियुक्ति करते थे।

III. **राजकीय संरक्षण:** उन्होंने मंदिर निर्माण, कला और साहित्य को बढ़ावा दिया।

IV. **सैन्य नेतृत्व:** उन्होंने विशाल सेनाओं का नेतृत्व किया और बाहरी आक्रमणों से साम्राज्य की रक्षा की।

नायकों (सेनापतियों) की भूमिका:

I. **शासक:** नायक सैन्य प्रमुख होते थे, जिन्हें सेवा के बदले भूमि (अमरम्) प्रदान की जाती थी।

II. **अमरा-नायक प्रणाली:** वे राजस्व वसूलते थे, सेना बनाए रखते थे और युद्ध में राजा की सेवा करते थे।

III. **स्थानीय प्रशासन:** वे अपने क्षेत्रों में स्थानीय शासन, मंदिरों का प्रबंधन और न्याय व्यवस्था संभालते थे।

IV. **बाद में स्वतंत्रता:** 17वीं शताब्दी तक कई नायक शक्तिशाली होकर स्वतंत्र राज्य स्थापित करने लगे थे।

शब्दावली

अमर नायक व्यवस्था	सैन्य एवं प्रशासनिक भूमि अनुदान प्रणाली / अमर-नायक व्यवस्था
राय	राया (राजा या शासक)
मंडप	मंदिरों में स्तंभयुक्त मंडप
गोपुरम्	मंदिर का द्वार-गर्भ / गोपुरम्
महानवमी डिब्बा	शाही अनुष्ठानों हेतु मंच

मानचित्र

भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए / चिह्नित कीजिए:

बिदर, गोलकोंडा, बीजापुर, विजयनगर, चंद्रगिरि, कांचीपुरम, मैसूर, तंजावुर, कोलार, तिरुनेलवेली



अध्याय 8

किसान, जमींदार और राज्य

- सबसे महत्वपूर्ण इतिहास **आइन -ए- अकबरी** (संक्षेप में आइन) था, जिसे अकबर के दरबारी इतिहासकार अबुल फ़ज़ल ने लिखा था।
- दो तरह के किसान - **खुद-काश्त और पाही-काश्त।** खुद-काश्त उस गांव के निवासी थे, जहां उनकी ज़मीन थी और पाही-काश्त गैर-निवासी किसान थे, जो किसी दूसरे गांव के थे, लेकिन अनुबंध के आधार पर कहीं और ज़मीन पर खेती करते थे। लोग अपनी पसंद या मजबूरी में पाही-काश्त बन जाते हैं।
- मानसून मुगल अर्थव्यवस्था की रीढ़ था। सिंचाई परियोजनाओं को भी राज्य का समर्थन प्राप्त था। उत्तर भारत में राज्य ने नई नहरों (नहर, नाला) की खुदाई की और शाहजहाँ के शासनकाल के दौरान पंजाब में शाहनहर जैसी पुरानी नहरों की मरम्मत भी की।

कृषि में तकनीकें:

- लकड़ी का हल, बैलों द्वारा खींची जाने वाली ड्रिल
- छोटे लकड़ी के हैंडल वाले संकीर्ण लोहे के ब्लेड से कुदाल और निराई
- *कपास और गन्ना जैसी फसलें जिन-ए-कामिल (उत्तम फसलें) थीं।*
- अकबर और उसके अमीरों को पहली बार **1604** में तम्बाकू मिला। जहाँगीर को इसकी लत इतनी लगी कि उसने इस पर प्रतिबंध लगा दिया।
- **पंचायत का मुखिया मुकद्दम या मंडल नामक मुखिया** होता था। कुछ स्रोतों से पता चलता है कि मुखिया का चुनाव गाँव के बुजुर्गों की सहमति से होता था
- ज़मींदारों में महिलाओं को संपत्ति विरासत में पाने का अधिकार था।
- जंगली के नाम से जाने जाने वाले वनवासी वे थे जिनकी आजीविका वन उपज इकट्ठा करने, शिकार करने और खेतीबाड़ी करने से होती थी।
- अधिकांश ज़मींदारों के पास किले के साथ-साथ घुड़सवार सेना, तोपखाना और पैदल सेना की एक सशस्त्र टुकड़ी भी थी।
- **राजस्व निर्धारण का कार्य राजस्व संग्रहकर्ता या आमिल गुजर द्वारा किया जाता है।**
- **अकबर के अधीन भूमि का वर्गीकरण**
- **पोलज**-प्रतिवर्ष खेती की जाने वाली भूमि, **परती** : उपजाऊपन वापस पाने के लिए कुछ समय के लिए खेती से बाहर छोड़ी गई भूमि,**चाचर**: 3 से 4 साल तक परती छोड़ी गई भूमि,**बंजर**: 5 साल या उससे ज़्यादा समय तक खेती से बाहर रखी गई भूमि
- **मनसबदारी व्यवस्था-** मुगल प्रशासनिक व्यवस्था के शीर्ष पर एक सैन्य-सह-नौकरशाही तंत्र (मनसबदारी) था, जो राज्य के नागरिक और सैन्य मामलों की देखभाल के लिए जिम्मेदार था।
- 1690 के आसपास भारत से गुज़रने वाले **जियोवेन्नी कैरेरी ने दुनिया भर में चाँदी के भारत पहुँचने के तरीके के बारे में एक विस्तृत विवरण दिया है।**

- आइन पाँच पुस्तकों (दफ़्तरों) से बना है: - **पहली पुस्तक, जिसे मंज़िल-आबादी कहा जाता है,** शाही घराने और उसके रख-रखाव से संबंधित है। - **दूसरी पुस्तक, सिपाह-आबादी, सैन्य और नागरिक प्रशासन** और नौकरों की स्थापना की जानकारी प्रदान करती है।
- **तीसरी पुस्तक, मुल्क-आबादी,** वह है जो साम्राज्य के **राजकोषीय पक्ष से** संबंधित है
- **चौथी और पाँचवीं पुस्तकें (दफ़्तर)** भारत के लोगों की धार्मिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं से संबंधित हैं
- **आइन-ए-अकबरी की सीमाएँ-** आइन में कुछ अंकगणितीय त्रुटियाँ हैं, सभी प्रांतों से समान रूप से डेटा एकत्र नहीं किया गया ,सभी क्षेत्रों की कीमतों और मजदूरी पर डेटा उपलब्ध नहीं है

एक पंक्ति वाले प्रश्न के उत्तर

प्रश्न 1: मुगल भारत में ज़मींदार कौन थे?

उत्तर: ज़मींदार ज़मींदार थे जो राज्य की ओर से किसानों से राजस्व एकत्र करते थे।

प्रश्न 2: मुगल प्रशासन में भूमि राजस्व के लिए किस शब्द का इस्तेमाल किया जाता था?

उत्तर: भूमि राजस्व को जामा के रूप में जाना जाता था।

प्रश्न 3: ज़ब्त प्रणाली किसने शुरू की?

उत्तर: ज़ब्त प्रणाली अकबर द्वारा शुरू की गई थी।

प्रश्न 4: 'ज़ब्त' शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर: ज़ब्त भूमि माप के आधार पर राजस्व मूल्यांकन और संग्रह की एक विधि थी।

